# प्रेस नोट दिनाँक- 18.11.2023

**(1).** आज दिनाँक 18.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(2).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 18.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को **"मिशन शक्ति"** व **''शक्ति दीदी''** के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे- चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है ।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप श्री सूबेदार बिन्द के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री इमरान खान तथा उनके हमराही आरक्षी अज़ीजुद्दीन द्वारा अभियुक्त श्याम उर्फ श्याम बिहारी पुत्र बद्री प्रसाद निवासी ग्राम करारी थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को 18 क्वार्टर देशी शराब बरामद किया गया है । अभियुक्त के विरुद्ध थाना भरतकूप में 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

**(4).** आज दिनाँक-18.11.2023 को जिलाधिकारी चित्रकूट श्री अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला की अध्यक्षता में तहसील सभागार राजापुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया । महोदय एवं

महोदया द्वारा आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये, भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भो में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान दिवस में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी श्री एन.के. जतारिया, वनप्रभागीय अधिकारी श्री पी.के त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी राजापुर श्री प्रमोद झा, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री भास्कर मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री श्याम प्रताप पटेल, प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री दीपेन्द्र सिंह, थानाध्यक्ष रैपुरा श्री शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(5).** आज दिनाँक-18.11.2023 को अपर जिलाधिकारी श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महोदय द्वारा आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये, भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भो में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी सदर श्री सौरभ यादव, क्षेत्राधिकारी नगर श्री हर्ष पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री अजीत कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष भरतकूप श्री सूबेदार बिन्द तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(6).** पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री विजय बहादुर यादव तथा उनके हमराही आरक्षी शक्ति सिंह द्वारा मु0सं0 562/2014 धारा 457,380 भादवि0 सब्बीर पुत्र किस्मत अली निवासी सेमरिया चरणदासी थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(7).** आज दिनांक 18.11.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में नोडल अधिकारी SPC क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना राजापुर के एसपीसी पुलिस अधिकारी चौकी प्रभारी गनीवा उ0नि0 श्री राजोल नागर द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज राजापुर में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट्स के छात्राओं को सामाजिक मूल्य एवं आचार-विचार, सामाजिक मूल्य क्या है, आचार विचार क्या है, सामाजिक मूल्य एवं आचार विचार का महत्व क्या है, धैर्य क्या है, धैर्य के लाभ क्या-क्या हैं के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से पढ़ाया गया।

इस दौरान में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के छात्राओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु महिला व बाल अपराध के बारे में प्रशिक्षित /जागरूक किया गया। शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट्स वितरित किये गए।

स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को बताया गया कि उनके साथ हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के सम्बन्ध में पुलिस से ''चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो'' जिससे उनके साथ हो रहे उत्पीड़न को रोका जा सके। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को गुड-टच, बैड-टच के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से जानकारी देते हुये बताया गया कि अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को हमारे जानने वाले ही बैड-टच करते हैं और हम समझ नहीं पाते, इसके सम्बन्ध में खुलकर बतायें तथा घर पर अपने छोटे भाई/बहन को भी गुड-टच, बैड-टच के सम्बन्ध में बतायें।

**(8).** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जनपदीय पुलिस विभाग के साथ स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम चलाये जाने के क्रम में आज दिनांक 18.11.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी राजापुर/नोडल अधिकारी स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियेंस लर्निंग प्रोग्राम श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में SPEL कार्यक्रम के अन्तर्गत AHTU प्रभारी निरीक्षक श्री योगेश

तिवारी द्वारा गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय चित्रकूट से चयनित 50 छात्रों को मावन तस्करी एवं इसकी रोकथाम के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से पढ़ाया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी छात्रों को पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण करवाया गया एवं सभी शाखाओं की कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से बताया गया।

इसी क्रम में चौकी प्रभारी गनीवा उ0नि0 श्री राजोल नागर द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज राजापुर के छात्रों को थाना राजापुर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्रों को महिला हेल्प डेस्क/साइबर हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, बन्दीगृह, मालखाना, भोजनालय दिखाया गया एवं मुकदमा पंजीकृत करने की पूरी प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से बाताय गया।